# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (19.12.2024)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:19.12.2024, PAGE-04**

### डॉ. अमानुल्ला बने विवि के पेंशन ऑफिसर

मुजफ्फरपुर। विवि के नए पेंशन ऑफिसर उर्दू विभाग के डॉ. अमानुल्लाह बनाए गए हैं। अब तक पेंशन ऑफिसर का काम डॉ. राकेश कुमार के जिम्मे था। डॉ. राकेश को एसआरपीएस कॉलेज जैतपुर का प्राचार्य बनाया गया है। इसलिए विवि प्रशासन ने नया पेंशन ऑफिसर को नियुक्त किया है। विवि की संपति की देखरेख के लिए इस्टेट ऑफिसर की भी तैनाती की गई है। पीजी राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ. दिलीप कुमार को इस्टेट ऑफिसर बनाया गया है।

### विवि में छात्राओं के लिए शुरू होगा नया हॉस्टल

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में छात्राओं के लिए एक और हॉस्टल जल्द शुरू किया जाएगा। डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि हॉस्टल को पूरी तरह तैयार कर लिया गया है। यह हॉस्टल वर्ष 2018 में ही बना गया था, लेकिन ठेकेदार ने इसे हैंडओवर नहीं किया था। इसके बाद पिछले दिनों हॉस्टल की मरम्मत फिर से कराई गई और इसे ठीक कराया गया। इस हॉस्टल में ईस्ट जोन बास्केटबॉल प्रतियोगिता में आने वाले प्रतिभागी भी रुकेंगे।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR DATE : 19.12.2024, PAGE-04**

### इंटर यूनिवर्सिटी वीमेंस बास्केटबॉल में 22 टीमें

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में 25 से 30 दिसंबर तक होने वाली ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वीमेंस बास्केटबॉल प्रतियोगिता में 22 टीमें हिस्सा लेंगी। बुधवार को खेल में शामिल होने के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख थी। विवि खेल परिषद के सचिव डॉ. कांतेश कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में लगभग 250 लोग पहुंचेंगे। अंतिम दिन राज्यपाल खुद प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाने के लिए मौजूद रहेंगे। आयोजन सचिव डॉ. कांतेश ने बताया कि टाईशीट बन चुका है। चैम्पियनशिप में पहले राउंड से मैच खेले जाएंगे। करीब 10 लाख रुपये की लागत से होनेवाली इस प्रतियोगिता की तैयारी जोरशोर से चल रही है। 25 दिसंबर को टीमों का आगमन शुरू हो जाएगा। बाहर से आने वाली टीमों को बीआरएबीयू स्थित पीजी गर्ल्स हॉस्टल में ठहराने की व्यवस्था की गई है। मुजफ्फरपुर जंक्शन पर स्वागत काउंटर बनाया जाएगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 19.12.2024, PAGE-04

### 29742 विद्यार्थी दूसरी श्रेणी में पास, 993 का रिजल्ट पेंडिंग, 1223 अनुतीर्ण

# बीआरएबीयू : पार्ट-3 का रिजल्ट जारी, 38 हजार को प्रथम श्रेणी

## सत्र नियमित

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरए बिहार विवि में सत्र 2021-24 के पार्ट-3 का रिजल्ट बुधवार को जारी कर दिया गया। इसमें 38 हजार 87 विद्यार्थियों को प्रथम श्रेणी आई है। इसके अलावा प्रथम श्रेणी के अंडर रेगुलेशन में 3252 छात्र हैं। द्वितीय श्रेणी से 29742 छात्र पास हुए हैं और इसके यूआर में 135 छात्र हैं। पार्ट-3 में 993 का रिजल्ट पेंडिंग है और 1223 फेल हो गए हैं।

पार्ट-3 की परीक्षा में दस हजार वैसे छात्र हैं जो पास तो कर गए हैं, लेकिन उनका पार्ट-1 और 2 का रिजल्ट क्लीनर नहीं हैं। ऐसे छात्रों ने विशेष परीक्षा दी है। इसका परिणाम आने के बाद उनका फाइनल रिजल्ट तैयार किया जाएगा। पार्ट-3 का रिजल्ट आने से बिहार विवि में एक सत्र नियमित हो गया है। हालांकि, इसका रिजल्ट 31 अक्टूबर को जारी किया जाना था।

**500 से अधिक छात्रों का रिजल्ट अधर में :** बीआरएबीयू के 500 छात्रों का रिजल्ट अधर में अटक गया है। ये वह छात्र हैं, जो एक या दो नंबर से फेल हैं। पीजी थर्ड सेमेस्टर सत्र 2022-24 का रिजल्ट अक्टूबर में जारी किया गया था। इसके बाद छात्रों ने हंगामा शुरू कर दिया था। हंगामे को शांत करने के लिए विवि प्रशासन ने रिजल्ट में सुधार का आश्वासन दिया था, लेकिन उसपर अबतक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ऐसे छात्र तीन महीने बाद भी विवि में भटक रहे हैं। छात्रों का कहना है कि न तो हमलोगों की रीटोटलिंग हुई न रिजल्ट को ठीक करने के लिए कोई आदेश विवि प्रशासन ने दिया।

कुछ छात्रों ने आरटीआई भी दायर किया है, लेकिन अबतक उन्हें कॉपियां नहीं मिली हैं। छात्रों का कहना है कि अगर रीटोटलिंग में हम पास कर जाते हैं तो हमारा एक साल विवि की लापरवाही से खराब हो जाएगा। छात्रों ने अंडरटेकिंग कर फोर्थ सेमेस्टर का परीक्षा फार्म भराने की मांग की है। बिहार विवि ने पीजी फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा की तारीख जारी कर दी है। फार्म भरने की तारीख 20 दिसंबर तक ही है।



बुधवार को परीक्षा विभाग का निरीक्षण करते कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय।

## परीक्षा विभाग के आईटी सेल में न हो बाहरी का प्रवेश : वीसी

मुजफ्फरपुर। विवि के परीक्षा विभाग में बुधवार सुबह से ही छात्रों की भीड़ जुट गई। काफी संख्या में छात्र रिजल्ट में सुधार व मार्क्सशीट लेने पहुंचे थे। परीक्षा विभाग में भीड़ की सूचना पर कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय और प्रॉक्टर प्रो. विनय शंकर राय वहां पहुंचे। वीसी और प्रॉक्टर ने परीक्षा विभाग का निरीक्षण किया और छात्रों की भीड़ पर नाराजगी जताई। वीसी ने विभाग के आईटी सेल का भी निरीक्षण किया। कहा कि आईटी सेल में किसी बाहरी का प्रवेश नहीं होना चाहिए।

**Ref:.....................** **Date:...........................**


HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE : 19.12.2024, PAGE-07


## साहित्य समीक्षा शोध का मेरुदंड : प्रो. गोपाल

मुजफ्फरपुर । बीआरएबीयू के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में बुधवार को रिव्यू ऑफ लिटरेचर विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डीएवी पीजी कॉलेज, बनारस हिन्दू विवि से आये मनोविज्ञान के प्रो. सत्य गोपाल ने कहा कि साहित्य समीक्षा किसी भी शोध कार्य का मेरुदंड है। यह शोध कार्य को अतीत से जोड़ वर्तमान की वस्तुस्थिति से अवगत कराती है।

कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने शोध कार्यों की मौलिकता एवं गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर दिया। डॉ. कल्याण कुमार झा ने नैक की प्रगति पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ. संजय कुमार सिंह, विधान पार्षद ने मनोविज्ञान विभाग को एक मीटिंग हॉल देने की घोषणा की। मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ. रजनीश कुमार गुप्ता, डॉ. तुलिका सिंह, डॉ. अलका जायसवाल, डॉ. सुनीता कुमारी, प्रो. रत्नेश मिश्रा, डॉ. विनय शंकर राय, डॉ. आभा रानी, डॉ. विकास कुमार, डॉ. कुसुम कुमारी आदि थे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 19.12.2024, PAGE-04**

## लंबी प्रतीक्षा के बाद टीडीसी पार्ट थर्ड का रिजल्ट जारी, 3387 को ग्रेस देकर किया पास

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने लंबे इंतजार के बाद टीडीसी पार्ट थर्ड का रिजल्ट जारी कर दिया है। पार्ट थर्ड में 3387 विद्यार्थियों को ग्रेस देकर पास किया गया है। बताया जा रहा है कि पांच अंकों से फेल होने वाले छात्र-छात्राओं को प्रावधान के तहत पास कराया गया है। प्रथम श्रेणी की सूची में 3252 और द्वितीय श्रेणी की सूची में 135 विद्यार्थी शामिल हैं। प्रथम श्रेणी से पास होने वाले विद्यार्थियों की संख्या 38087 है। वहीं 29742 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में पास हुए हैं। पिछले सत्र में जीएस में फेल होने वाले 366 विद्यार्थियों का परिणाम जारी किया गया है। परीक्षा में 1223 विद्यार्थी फेल हुए हैं। वहीं 647 अनुपस्थित हुए।

**38** हजार प्रथम और 29742 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण, 1223 हुए फेल

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने पांच अंकों से फेल होने वाले छात्र-छात्राओं को प्रावधान के तहत दिया ग्रेस मार्क्स



परीक्षा नियंत्रक डा. सुधालता पासवान ने बताया कि परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। बताया कि पेंडिंग का आंकड़ा एक प्रतिशत से भी नीचे पहुंच गया है। करीब 87 हजार छात्र-छात्राएं तृतीय वर्ष की परीक्षा में शामिल हुए थे। रोल नंबर और अन्य जरूरी जानकारी सही से दर्ज नहीं करने के कारण 993 छात्र-छात्राओं का परिणाम पेंडिंग है।

**सर्वर की परेशानी से रिजल्ट देखने में हुई परेशानी :** मंगलवार की देर रात परिणाम जारी होने के बाद विद्यार्थी अपना रिजल्ट चेक करने में जुट गए। बुधवार को दोपहर सर्वर की परेशानी के कारण रिजल्ट देखने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसकी शिकायत परीक्षा विभाग में की गई है। दूसरी ओर 12,825 विद्यार्थी तृतीय वर्ष की परीक्षा में उत्तीर्ण हो गए हैं। ऐसे छात्र-छात्राओं का प्रथम और द्वितीय वर्ष का अंक आनलाइन - आफलाइन मोड बदलने के कारण विश्वविद्यालय के पास उपलब्ध नहीं होने के कारण रिजल्ट पेंडिंग है। पिछले सत्र में प्रथम, द्वितीय वर्ष की परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने वाले छात्र अपने अंकपत्र कालेज में जमा कराएंगे। कालेज के स्तर से सत्यापन के बाद उसे विश्वविद्यालय भेजा जाएगा। इसके बाद उनके परिणाम में सुधार हो जाएगा। किसी भी समस्या के लिए छात्रों को विश्वविद्यालय आने की जरूरत नहीं है।

### रिजल्ट में देरी पर याचिका दायर

मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा के परिणाम में हो रही देरी पर छात्र [illegible] कुमार सिंह ने पटना हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें कुलपति, रजिस्ट्रार और परीक्षा नियंत्रक को अभियुक्त बनाया गया है। कहा गया है कि परिणाम जारी नहीं होने से वह नामांकन नहीं ले पा रहा है। विश्वविद्यालय की लापरवाही के कारण अकादमिक सत्र में भी देरी हो रही है।

### तीसरी मेधा सूची पर चार वर्षीय बीएड में 23 तक होगा नामांकन

मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने चार वर्षीय बीएड कोर्स में नामांकन के लिए तीसरी मेधा सूची जारी कर दी है। इस आधार पर कालेजों में गुरुवार से 23 दिसंबर तक नामांकन की प्रक्रिया होगी। इसके बाद सभी छात्र-छात्राओं की सूची कालेज के स्तर से 24 दिसंबर को विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा करना है।

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:19.12.2024, PAGE-04**

## पीजी महिला छात्रावास संख्या दो का अभी नहीं हो सकेगा आवंटन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी महिला छात्रावास संख्या दो के रिपेयरिंग की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। शीघ्र ही इसका उद्घाटन होगा। फिलहाल इसे छात्राओं के लिए आवंटित नहीं किया जाएगा। बुधवार को हास्टल आवंटन की मांग को लेकर कई छात्राएं विश्वविद्यालय पहुंचीं। उन्होंने छात्रावास आवंटन की गुहार डीएसडब्ल्यू से लगाई। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि अभी छात्रावास की रिपेयरिंग प्रक्रिया आखिरी चरण में है। उम्मीद है कि 20 दिसंबर या इसके बाद इसका उद्घाटन किया जाएगा। फिलहाल इसका आवंटन छात्राओं को नहीं किया जाएगा। अगले महीने से इसका आवंटन किया जा सकता है। ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता की मेजबानी विश्वविद्यालय कर रहा है। ऐसे में दूसरे राज्यों से पहुंचने वाली खिलाड़ियों के लिए आवासन की व्यवस्था महिला छात्रावास में की गई है। पीजी छात्रावास संख्या दो में कुल 34 कमरे हैं। छात्रावास के एक कमरे में तीन छात्राएं रह सकती हैं। इसमें खिलाड़ियों के लिए भोजन की भी व्यवस्था होगी।

**महिला छात्रावास में मेस की होगी व्यवस्था :** पीजी महिला छात्रावास में जल्द ही मेस की व्यवस्था शुरू होगी। इसके लिए मेस संचालक से बातचीत अंतिम दौर में है। ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए इसकी शुरुआत होगी ताकि यहां रहने वाली खिलाड़ियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। दूसरी ओर टूर्नामेंट के बाद मेस की व्यवस्था छात्रावास में रहने वाली छात्राओं के लिए लागू होगी।

## विश्वविद्यालय के संपदा अधिकारी बने डा. दिलीप

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी राजनीति विज्ञान के शिक्षक डा. दिलीप कुमार को संपदा अधिकारी नियुक्त किया गया है। कुलपति प्रो. डीसी राय के निर्देश पर बुधवार को इसकी अधिसूचना जारी हुई है। वे विश्वविद्यालय की संपत्तियों की देखरेख करेंगे। वहीं पीजी उर्दू विभाग के डा. मो. अमानुल्लाह को नया पेंशन अधिकारी बनाया गया है। वे निवर्तमान पेंशन अधिकारी डा. राकेश कुमार सिंह का स्थान लेंगे। डा. राकेश कुमार को एसआरपीएस कालेज जैंतपुर का प्राचार्य बनाया गया है। इसके बाद उन्हें पेंशन अधिकारी के पद से मुक्त किया गया है।



डा. दिलीप कुमार • जागरण

**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 19.12.2024, PAGE-04

## बीआरएबीयू. स्नातक तृतीय वर्ष का रिजल्ट विवि ने किया जारी, 1223 छात्र-छात्राएं हो गये हैं फेल

# एक प्रतिशत से भी नीचे आ गया पेंडिंग का आंकड़ा

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू ने स्नातक तृतीय वर्ष सत्र 2021-24 का रिजल्ट जारी कर दिया है. परीक्षा के तीन महीने बाद विवि ने बुधवार को वेबसाइट पर रिजल्ट अपलोड किया है. छात्र-छात्राएं अपने रोल नंबर से परिणाम जान सकते हैं. विवि की जानकारी के अनुसार इसबार रिजल्ट में पेंडिंग का आंकड़ा एक प्रतिशत से भी नीचे आ गया है.

करीब 87 हजार विद्यार्थी तृतीय वर्ष की परीक्षा में शामिल हुएए थे. इसमें 993 छात्र-छात्राओं का परिणाम पेंडिंग है. इसका भी कारण यह है कि कई छात्र-छात्राओं ने अपना रोल नंबर लिखने या अन्य ब्योरा भरने में गड़बड़ी की है. इसके साथ ही 12,825 छात्र-छात्राएं तृतीय वर्ष की परीक्षा में उत्तीर्ण हो गये हैं, लेकिन उनके प्रथम व द्वितीय वर्ष का अंक ऑनलाइन-ऑफलाइन मोड में बदलने से विवि के पास नहीं है. इससे

- 38 हजार बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण
- द्वितीय श्रेणी में 29,472 हुए उत्तीर्ण
- 12,825 छात्रों का तृतीय वर्ष का ही रिजल्ट आया

उन छात्रों का रिजल्ट अभी पेंडिंग है. कहा गया है कि जो छात्र-छात्राएं पिछले सत्र में प्रथम, द्वितीय वर्ष की परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहे हों, वे अपने प्रथम-द्वितीय वर्ष का अंकपत्र अपने कॉलेज में जमा करा दें. कॉलेज उनका सत्यापन कर एक साथ समेकित कर विवि को भेजेगा. यहां से उनका परिणाम स्वतः सुधार दिया जायेगा. इसके लिए छात्रों को विवि आने की जरूरत नहीं है.

**3387 छात्र-छात्राओं को ग्रेस देकर किया पास** :विवि ने रिजल्ट जारी करने के क्रम में पाया कि वैसे छात्र-छात्राएं जो अधिकतम पांच नंबर से फेल हो रहे थे, उन्हें प्रावधान के तहत नंबर देकर पास किया गया है.ऐसे छात्र-छात्राओं में प्रथम श्रेणी की सूची में 3252 व द्वितीय श्रेणी की सूची में 135 स्टूडेंट्स शामिल हैं.द्वितीय श्रेणी से पास होने वाले विद्यार्थियों की संख्या 29472 है.वैसे छात्र-छात्राएं जो पिछले सत्र में जीएस में फेल हो गये थे, ऐसे 366 स्टूडेंट्स का परिणाम भी आया है.1223 छात्र-छात्राएं फेल हुए हैं.वहीं 647 इसमें अनुपस्थित थे.परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान ने बताया कि विवि की ओर से रिजल्ट जारी कर दिया गया है. इसबार यह कोशिश की गयी है कि कम से कम पेंडिंग हो. रिजल्ट जारी करने से पहले इसकी समीक्षा की गयी है. मार्क्स नहीं मिलने के कारण जिन छात्रों का रिजल्ट अटक रहा था, कॉलेजों से उनके अंक मंगवाकर रिजल्ट दे दिया गया है. अब जिन छात्र-छात्राओं का परिणाम किसी कारण पेंडिंग है, उन्हें अपने कॉलेज से आवेदन देना है. विवि आने की जरूरत नहीं है.

## भीड़ देख हुए नाराज, ड्यूटी पर नहीं थे कर्मी

- कुलपति ने परीक्षा विभाग व अन्य सेक्शन का किया औचक निरीक्षण
- अनुपस्थित व गायब कर्मियों की सूची तलब, परीक्षा नियंत्रक से भीड़ का कारण पूछा
- वीसी बोले, क्रमवार छात्रों को विभाग में कराये प्रवेश, अनधिकृत को कतई न आने दें

**मुजफ्फरपुर** .बीआरएबीयू के कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने परीक्षा विभाग व अन्य सेक्शन का औचक निरीक्षण किया. यह देखकर विभाग में अफरातफरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी. कई कर्मचारी अपने कक्ष व सीट से गायब मिले. परीक्षा विभाग के विभिन्न सेक्शन में छात्र-छात्राओं की भारी भीड़ देखकर कुलपति ने नाराजगी जतायी.

उन्होंने डिग्री सेक्शन, आइटी सेल, परीक्षा नियंत्रक कक्ष से लेकर सभी विभागों को बारी-बारी से देखा. परीक्षा नियंत्रक से छात्रों की भीड़ का कारण पूछा. निर्देश दिया कि एक-एक कर छात्रों को बुलाकर उनकी शिकायत सुनें. एक साथ विद्यार्थियों की भीड़ के कारण अव्यवस्था हो जाती है. वीसी को बताया गया कि कुछ अनधिकृत युवक नियमित रूप से गोपनीय शाखा में आते-जाते हैं. रोक देने पर कर्मियों से दुर्व्यवहार करते हैं. इस कारण विभाग में काम प्रभावित होता है. कुलपति ने विभाग में रंग-रोगन व कंस्ट्रक्शन के कार्यों को भी देखा.

**डिग्री सेक्शन में बाहरियों के प्रवेश को रोकें** : वीसी ने कहा कि डिग्री सेक्शन में सिर्फ कर्मचारी व अधिकारी ही जायें. इसके अतिरिक्त बाहरी व्यक्ति, असामाजिक तत्वों के प्रवेश को रोका जाये. कहा कि इसमें ताला जड़ा रहेगा. एसओ के पास चाबी रहेगी. इसमें टीआर समेत छात्रों के प्रमाणपत्र रहते हैं. ऐसे में उसकी सुरक्षा के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है.

### परीक्षा नियंत्रक ने मुख्य द्वार पर ही सुनी समस्याएं

वीसी के निरीक्षण के बाद परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान ने मुख्य द्वार पर ही छात्र-छात्राओं की समस्याओं को सुनना शुरू कर दिया. विभिन्न विभागों से छात्र-छात्राओं को बाहर निकाला गया .इसके बाद बारी-बारी से परीक्षा नियंत्रक व डिप्टी कंट्रोलर ने छात्र-छात्राओं की समस्याएं सुनी. मुख्य द्वार को बंद कर दिया गया था. इस दौरान कई बार भीतर प्रवेश करने को लेकर विवाद भी होता रहा.

- खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यूआर स्कैन कर लें.

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE : 19..12.2024, PAGE-04

## डॉ दिलीप बने विश्वविद्यालय के इस्टेट ऑफिसर



**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ दिलीप कुमार इस्टेट ऑफिसर बने हैं. डॉ राकेश कुमार को एसआरपीएस कॉलेज, जैतपुर का प्राचार्य नियुक्त किये जाने के बाद उर्दू विभाग के डॉ मो अमानुल्लाह को नया पेंशन ऑफिसर नियुक्त किया है.

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 19.12.2024, PAGE-04

# महिला बास्केटबॉल में 250 खिलाड़ी आयेंगी

## तैयारियां हुई तेज

- 26 से शुरू होगी स्पर्धा, एलएन मिश्रा कॉलेज मे होना है आयोजन
- 17 वर्षों के बाद विवि को मिला है इस्ट जोन की मेजबानी का मौका

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू से 26 से 30 दिसंबर तक होने वाली इस्ट जोन अंतर विवि महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां जोरों पर है. आयोजन स्थल से लेकर खिलाड़ियों के आवासन तक की व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है. इधर, बुधवार तक प्रतियोगिता के लिए आवेदन की तिथि थी. मेजबान बीआरएबीयू समेत कई प्रदेशों की कुल 22 विश्वविद्यालयों की टीम इसमें प्रतिभाग करेगी. बिहार से केवल दो विश्वविद्यालयों की टीम प्रतियोगिता में भाग लेगी. इसमें पटना विवि व बीआरएबीयू का नाम शामिल है. सभी 22 टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है. ग्रुप ए और डी में पांच-पांच और ग्रुप बी और सी में छह-छह टीम को रखा गया है. सभी ग्रुप से एक-एक शीर्ष टीम का अंतिम रूप से चयन किया जायेगा. उनके बीच मैच के आधार पर विजेता टीम की घोषणा की जायेगी. विवि से बताया गया कि 250 खिलाड़ियों के विवि में आने की उम्मीद है. गुरुवार को इसका शेड्यूल जारी होगा. सभी मुकाबले एलएन मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में खेले जाएंगे. मेजबानी को लेकर अलग-अलग 10 आयोजन समितियां गठित की गयी हैं. खिलाड़ियों को पीजी महिला छात्रावास में ठहराने की योजना है. वहीं कोच और अन्य स्टाफ के लिए एकेडमिक स्टॉफ कॉलेज में व्यवस्था की जा रही है. विश्वविद्यालय के क्रीड़ा परिषद के सचिव डॉ कांतेश ने बताया कि तैयारियां शीघ्र पूरी कर ली जायेंगी.

### इन विश्वविद्यालयों ने भेजी टीम की एंट्री

- पंडित रविशंकर शुक्ला यूनिवर्सिटी रायपुर, छत्तीसगढ
- मणिपुर यूनिवर्सिटी कांचीपुर
- विश्व भारती यूनिवर्सिटी पश्चिम बंगाल
- हेमचंद यादव विवि , दुर्ग, छत्तीसगढ
- महेंद्र कर्मा विवि, बस्तर, छत्तीसगढ
- छत्तीसगढ स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी भिलाई
- यूनिवर्सिटी आफ कलकत्ता, सीनेट हाउस कोलकाता
- दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर
- पटना यूनिवर्सिटी
- संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा, अंबिकापुर, छत्तीसगढ
- विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग
- यूनिवर्सिटी आफ बर्दवान, पश्चिम बंगाल
- महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी
- बीएचयु वाराणसी
- रांची यूनिवर्सिटी, रांची
- जादवपुर यूनिवर्सिटी, कोलकाता
- अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर, छत्तीसगढ
- रैवेनशा विश्वविद्यालय कटक
- शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ, छत्तीसगढ
- रामा देवी महिला विश्वविद्यालय विद्या विहार, भुवनेश्वर
- उत्कल विश्वविद्यालय वाणी विहार, भुवनेश्वर
- बीआरएबीयू, मुजफ्फरपुर